आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के क्षेत्र में भारत तेज़ी से अपनी मज़बूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से भी पीछे नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर भी संतोष जताया। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि अंतरिक्ष क्षेत्र युवाओं को भी काफी प्रिय है। उन्होंने उत्तराखण्ड में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खेलों की भी चर्चा की जिसमें 11 हज़ार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने देवभूमि का एक नया स्वरूप प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे काफी खिलाड़ी खेलो इंडिया अभियान की देन हैं। प्रधानमंत्री ने आगामी बोर्ड की परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अब संस्थागत रूप लेता जा रहा है।

विक्रमदित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में चम्बा ज़िले की अधिकतर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। चम्बा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ज़िले में अभी भी एक सौ 60 गांव ऐसे हैं जो सड़क सुविधा से नहीं जुड़े हैं। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रदेश में आबादी देह गांवों को सड़कों से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि चम्बा में कूड़ा निष्पादन के लिए जल्द ही कूड़ा संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस बीच विक्रमादित्य सिंह ने आज चम्बा में 10 करोड़ रूपए से अधिक की लागत की 6 सड़कों के लोकार्पण व शिलान्यास किए।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के लगभग 10 करोड़ किसानों को कल 19वीं किस्त जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे जाएंगे। प्रदेश के लगभग नौ लाख 90 हजार किसानों को ये किस्त जारी की जाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री कई योजनाओं की शुरुआत भी करेंगे।

भारद्वाज

कांगड़ा से भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय बजट को युवा, महिला, किसान व गरीब हितैषी करार दिया है। चम्बा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये बजट वर्ष 2047 में भारत को

विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में नींव का काम करेगा। भारद्वाज ने कहा कि देश का किसान आत्मनिर्भर हो और आपदा के समय उन्हें पूरी मदद मिले इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

एन.पी.एस. संगठन

प्रदेश न्यू पैंशन कर्मचारी संगठन ने यू.पी.एस. का विरोध किया है। महासंघ की कोर कमेटी की बैठक आज शिमला में हुई जिसमें कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि यू.पी.एस. न तो कर्मचारियों के हित में है और न ही प्रदेश सरकार के लिए सही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुरानी पैंशन पहले से लागू है, ऐसे में यू.पी.एस. को लागू न किया जाए। महासंघ ने उम्मीद जताई कि आने वाले बजट में प्रदेश सरकार कर्मचारियों की देनदारियों का ध्यान रखेगी।

नमस्कार।